प्रेस नोट
दिनांक 09.03.2024

अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा लोकसभा चुनाव–2024 को निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत पैरामिलिट्री बल एवं पुलिस बल के साथ थाना वजीरगंज के विभिन्न ग्राम/मोहल्लों/कस्बा में किया गया रूट मार्चः–

गोण्डा। आज दिनांक 09.03.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक पि चमी श्री राधे याम राय द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत व जनपद में कानून व शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पैरामिलिट्री बल एवं पुलिस बल के साथ थाना वजीरगंज क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों/मौहल्लों/कस्बा में रूट मार्च किया गया। रूट मार्च थाना वजीरगंज क्षेत्र के विभिन्न ग्राम/मोहल्लों/कस्बा आदि में किया गया। रूट मार्च के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव–2024 के दृष्टिगत आमजन को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने तथा सुरक्षा का एहसास दिलाया गया तथा अवांछनीय व आपराधिक तत्व के व्यक्तियों में भय व्याप्त करने हेतु एरिया डॉमिने ान किया गया। लोकसभा चुनाव में लोगों को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने तथा आमजन को भयमुक्त व निडर होकर मतदान करने की अपील की गई तथा सभी को चुनावो में बढ–चढकर मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया साथ ही अवगत कराया गया कि लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर है तथा ऐसे लोगों पर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। चुनाव के दौरान किसी तरह की अफवाह न फैलाये न फैलने दे, अफवाह फैलाने वाले तत्वो पर भी पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। इसके साथ ही लोगो को बताया गया कि चुनावों के दौरान किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वाले लोगो पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान प्रदे ा में आद र्ा आचार संहिता के लागू होने पर उसका पालन करने तथा चुनाव के दौरान पुलिस प्र ाासन का सहयोग करने हेतु अपील की गयी।

इसी क्रम में रूट मार्च के दौरान क्षेत्र की जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के लिये लोगो को अवगत कराया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव में किसी के प्रलोभन में न आये तथा सोच समझकर मतदान करें एवं अराजकतत्वों की सूचना समय से पुलिस को दें तथा चुनाव में भाई चारे के साथ रहने का आह्वान किया तथा माहौल खराब करने वालो पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी गयी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किसी भी तरह की सूचना/अफवाह की जानकारी तुरन्त थाना स्तर पर या यूपी 112 पर देने की अपील की गई। लोगों को पुलिस का हर परिस्थिति में सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया गया।

प्रेस नोट
दिनांक- 09.03.2024
थाना समाधान दिवस-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में थाना समाधान दिवस के अवसर पर थानों में आयोजित समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया-

आज दिनांक 09.03.2024 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में थानों में आयोजित समाधान दिवस में जनता की जनसमस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण शत्-प्रतिशत निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारी अपने अपने सर्किल व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों से कुल 126 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए 10 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया

इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मीडिया सेल, गोण्डा